PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Jagran, Delhi
Fri, 26 May 2017, Page 20
Width: 12.58 cms, Height: 8.69 cms, a4, Ref: 35.2017-05-26.133

योगाभ्यास के लिए देश भर में सौ पार्क होंगे रिजर्व

नई दिल्ली, प्रेट्र : योग सभी के जीवन का हिस्सा बन सके, इसके लिए सरकार ने देश भर में सौ पार्कों को रिजर्व रखने की योजना बनाई है। इनमें योगाभ्यास कराया जाएगा।

इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उप्र की राजधानी लखनऊ में मुख्य समारोह होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ 51 हजार लोग शिरकत करेंगे। माना जा रहा है कि 21 जून को 150 देश अपने यहां योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजन करने जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अविस्मरणीय बन सके इसके लिए इस बार पेरिस के एफिल टावर, लंदन के ट्राफलगर स्कवायर व न्यूयार्क के सेंट्रल पार्क में आयोजन करने की योजना है। दिल्ली में 21 जून को सात मुख्य आयोजन किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री के आग्रह पर संयुक्त राष्ट्र संघ की आमसभा ने फैसला लिया था कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाए।

आयुष विभाग के राज्य मंत्री श्रीपद यसो नायक का कहना है कि सारे विश्व ने योग के मामले में भारत का अनुसरण किया है। पिछले दो सालों में 21 जून को 190 देशों ने भारत के कदम से कदम मिलाए हैं। उन्होंने बताया कि योग में अनुकरणीय योगदान करने पर इस बार पीएम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार देंगे।